बहादुर नॉर्मन

एक सच्ची कहानी



एंड्र्यू क्लेमेंट्स

चित्र: एलेन बेयर

बहादुर नॉर्मन

एक सच्ची कहानी



एंड्र्यू क्लेमेंट्स


चित्र: एलेन बेयर

स्टीव मैकडॉनल्ड अपने परिवार के लिए
एक और पालतू जानवर चाहते थे.

वो एक पशु आश्रय घर में गए.

वहां उन्होंने कई कुत्ते देखे.

उन्होंने कई बिल्लियाँ भी देखीं.




फिर उन्होंने नॉर्मन को देखा.

स्टीव ने कहा,

"मुझे वो पसंद है!"

नॉर्मन भी इस बात से बहुत खुश था.



आश्रय घर के लोगों ने कहा,

"कोई भी इस कुत्ते को नहीं चाहता था.

हमें बहुत खुशी है कि आपने उसे चुना."

नॉर्मन अपने नए परिवार से प्यार करने लगा.



वो स्टीव से प्यार करता था.


वो एनेट से प्यार करता था.



वो छोटे पॉल से प्यार करता था.



और वो परिवार के दूसरे कुत्ते
लूसी से भी प्यार करता था.



नॉर्मन पूरे दिन एनेट, पॉल और लूसी का पीछा करता था.

वो उनके साथ पार्क में जाता था.

उसे समुद्र तट पर दौड़ना बहुत पसंद था.

लेकिन एक दिन नॉर्मन अपने आसपास की चीजों के साथ टकराने लगा.

परिवार के लोग नार्मन को एक

पशु चिकित्सक को दिखाने ले गए.

डॉक्टर ने कहा, "यह कुत्ता अंधा हो रहा है.

हम उसकी कुछ भी मदद नहीं कर सकते हैं."



फिर वे नॉर्मन को घर ले आए.



दोस्तों ने कहा, "बेचारा कुत्ता!
क्या आप अब भी उसे रखना चाहते हैं?"

एनेट ने कहा, "हम नॉर्मन से प्यार करते हैं.
चाहें कुछ भी हो हम उसकी पूरी देखभाल करेंगे."

अंधे कुत्ते को रखना आसान नहीं था.
वो हर समय चीजों से टकराता रहता था



.

नार्मन, शोर से डर जाता था.

जब लोग उसके पास आते तो वो उनपर भौंकता था.





लूसी, बूढ़ी और बहुत दयालु थी.

वो जानती थी कि नॉर्मन को मदद की जरूरत थी.

जब लूसी, नार्मन के बिल्कुल करीब सटकर चलती थी, तब नॉर्मन चीजों से नहीं टकराता था.

नॉर्मन अभी भी समुद्र के तट पर जाता था.



समुद्र तट पर, टकराने के लिए कोई पेड़ नहीं थे.

वहां उसे डराने के लिए कोई कार भी नहीं थी.


समुद्र तट पर नॉर्मन तेज़ी से भागता था.

एक दिन एनेट और उसकी माँ,
छोटे पॉल को समुद्र तट पर ले गए.

नॉर्मन भी उनके साथ गया.



अचानक नॉर्मन वहां से भागा.



वो पानी में कूदा और तैरने लगा.

फिर एनेट ने कुछ देखा.

एक लड़की दूर पानी में गोते खा रही थी.

लड़की बड़ी परेशानी में थी.

उसने मदद के लिए ज़ोर से पुकारा.

पर नॉर्मन के अलावा किसी ने उसकी आवाज़ नहीं सुनी.

लड़की पुकारती रही,

और नॉर्मन तैरता रहा.





जब नॉर्मन उसके पास पहुंचा,

तो लड़की ने उसकी पूंछ पकड़ ली.


एनेट ने नॉर्मन को देखा.

नॉर्मन लड़की की मदद कर रहा था.

लेकिन क्योंकि वो देख नहीं सकता था

इसलिए वो गलत दिशा में तैर रहा था.

एनेट चिल्लाई, "नॉर्मन, यहाँ मेरी तरफ तैरो!"



नॉर्मन तैरा.

लेकिन अब वो समुद्र तट की ओर तैरा.

वो लड़की को खींच रहा था!

लेकिन लड़की बहुत थकी हुई थी.

उसके हाथ से नॉर्मन की पूंछ छूट गई.

नॉर्मन ने लड़की को खोजने की कोशिश की.

वो इधर-उधर तैरा.



एनेट ने लड़की को चिल्लाकर बताया,

"उसे बुलाओ! उसका नाम नॉर्मन है!"



"नॉर्मन! नॉर्मन!" लड़की चिल्लाई.

नॉर्मन दुबारा लड़की के पास पहुंचा.

लड़की ने फिर से उसकी पूँछ पकड़ ली.

इस बार उसने उसे छोड़ा नहीं.



नॉर्मन ने बच्ची को पानी से बाहर निकाला.

अन्य लोगों ने समुद्र तट पर उनकी मदद की.

लड़की ठंडी और डरी हुई थी.

लेकिन अब वो सुरक्षित थी.

नॉर्मन ने उसकी जान बचाई थी.

कभी नॉर्मन एक ऐसा कुत्ता था
जिसे कोई नहीं चाहता था.



लोग नॉर्मन के लिए खेद महसूस करते थे
क्योंकि वो अंधा था.

पर अब नॉर्मन के बारे में कई किताबें छपीं थीं.

वो अक्सर टीवी पर दिखाई देता था.

अंधेपन ने नॉर्मन को बहादुर होने से नहीं रोका.

अंधेपन ने नॉर्मन को, दूसरों की मदद करने से नहीं रोका.

फिर एनेट ने नॉर्मन को अस्पतालों का दौरा करने की ट्रैनिंग दी.

नॉर्मन, बच्चों को हंसा सकता था.

नॉर्मन, बीमार लोगों को थोड़ा बेहतर महसूस करा सकता था.



नॉर्मन एक सच्चा हीरो था!

समाप्त